UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत टेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-230 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 02 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी 2027 चुनाव से पहले बीजेपी ने कराया मेगा सीक्रेट सर्वे, बहुमत तक पहुंचने में संघर्ष

## सहयोगी दलों की भी बढ़ी टेंशन , 35 प्रतिशत का पत्ता कटने के संकेत


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक




( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा अभी से चढ़ने लगा है। राज्य में सत्ता की 'हैट्रिक' लगाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर सियासी जमीन मजबूत करने में जुटे हैं, तो वहीं दूसरी ओर पार्टी संगठन ने अंदरखाने एक बहुत बड़ा और गोपनीय कदम उठाया है। बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर एक व्यापक 'मेगा सीक्रेट सर्वे' पूरा कर लिया है, जिसके परिणामों और रणनीतिक चर्चाओं ने राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है।

सूत्रों के अनुसार, यह गोपनीय सर्वे केवल बीजेपी के मौजूदा विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें उन सभी सीटों को भी शामिल किया गया है जो फिलहाल एनडीए गठबंधन के सहयोगियों के पास हैं या जिन पर विपक्षी दल मजबूत स्थिति में हैं। इस सर्वे के दायरे में अपना दल (एस), निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के कोटे वाली सीटें भी आ रही हैं। पार्टी का यह आंतरिक आकलन तीन स्तरों पर किया गया है– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का फीडबैक, जमीन पर सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं की राय और आम जनता की सीधी प्रतिक्रिया। इसके जरिए विधायकों की छवि, जनता से उनका सीधा जुड़ाव, क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य और भ्रष्टाचार या लापरवाही के आरोपों जैसे कुल 8 प्रमुख पैमानों पर समीक्षा की गई है। इस मेगा सर्वे की जो रिपोर्ट सामने आई है, उसने पार्टी की नींद उड़ा दी है। रिपोर्ट बताती है कि मौजूदा हालात में यदि चुनाव हुए, तो भाजपा को बहुमत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है। पार्टी को सीधे तौर पर 52 से 67 सीटों का नुकसान हो सकता है, जिससे पार्टी 190 से 205 सीटों के बीच सिमटती नजर आ रही है, जबकि बहुमत का जादुई आंकड़ा 202 सीटों का है। इस आंतरिक रिपोर्ट में साफ तौर पर सुझाव दिया गया है कि जनता के भारी आक्रोश और एंटी-इन्कंबेंसी से पार पाने के लिए पार्टी को अपने मौजूदा 35 प्रतिशत विधायकों के टिकट काटने होंगे। सर्वे में पाया गया है कि कई क्षेत्रों में विधायकों की निष्क्रियता और स्थानीय मुद्दों पर सुनवाई न होने के कारण जनता में भारी नाराजगी है। इस गोपनीय सर्वे ने केवल बीजेपी के भीतर ही नहीं, बल्कि उसके सहयोगी दलों के खेमों में भी सुगबुगाहट और टेंशन बढ़ा दी है। चूंकि सर्वे का दायरा सभी 403 सीटों पर है, इसलिए एनडीए के घटक दलों (जैसे ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा, डॉ. संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल एस और जयंत चौधरी की रालोद) के मौजूदा विधायकों का कामकाज भी इसी पैमाने पर परखा गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि सहयोगियों के किसी विधायक का प्रदर्शन कमजोर पाया गया, तो टिकट वितरण के दौरान सीटों के तालमेल पर इसका सीधा असर पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक रालोद के 10 में से 6 विधायकों की स्थिति कमजोर मानी जा रही है। इस पूरी चुनावी कवायद के तहत बीजेपी का सबसे ज्यादा जोर राज्य की उन 61 सीटों पर है, जहां पिछले चुनावों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। विपक्षी दलों के इन मजबूत दुर्गों में सेंध लगाने के लिए पार्टी नए सिरे से जातीय समीकरणों को साधने और मजबूत चेहरों की तलाश करने में जुटी है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन कठिन सीटों के लिए एक अचूक चुनावी ब्लू-प्रिंट तैयार किया जा रहा है, ताकि 2027 के रण में जीत की हैट्रिक सुनिश्चित की जा सके।

# वाराणसी : संतों के आक्रोश के बाद राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज

( यंग भारत न्यूज )



**वाराणसी** : संसद में संत के रूप में प्रदर्शन करने के बाद सांसद पप्पू यादव के खिलाफ लगातार विरोध बढ़ता जा रहा है. इसकी एक झलक वाराणसी में देखने को मिली, जहां सांसद पप्पू यादव, अवधेश प्रसाद और राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई स्थानीय संतों की तहरीर के आधार पर की गई है. संतों ने उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जल्द कार्रवाई करने की बात कही है.दरअसल, शनिवार को काशी में पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालकदास समेत दर्जनों संत कोतवाली पुलिस स्टेशन पहुंचे और वहां सांसद पप्पू यादव, राहुल गांधी और अवधेश प्रसाद के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया. इस दौरान संतों ने जमकर नारेबाजी की. साथ ही संतों ने इनके खिलाफ मुकदमा लिखने के लिए तहरीर दी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने इन तीनों लोगों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं के ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है.

इस दौरान आक्रोशित संतों ने ईटीवी भारत से कहा कि जिस तरह से संतों का भेष धारण कर यह प्रदर्शन किया गया, वो संतों का अपमान है. हिंदुओं के धर्म का मजाक बनाया जा रहा है. किसी मौलवी के खिलाफ यह करने की हिम्मत नहीं है. हमेशा हिंदू और संतों को निशाना बनाया जाता है. उन्होंने कहा कि राम मंदिर दान चोरी के मामले में स्ङ्घ्र और कोर्ट अपना काम कर रहे हैं.

संतों ने यह भी कहा कि अगर इन लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं करती है, तो हम सब समाज के लोग सड़क पर उतरकर बड़ा विरोध करेंगे, क्योंकि भगवा चोला कोई रंग नहीं है, बल्कि यह मर्यादा का प्रतीक है. अगर इसका मजाक बनाया जाएगा तो हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे. छ्वष्टक्क गौरव बंसल ने कहा कि संतों की तहरीर के बाद राहुल गांधी, पप्पू यादव, अवधेश प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है. बता दें कि संसद में पप्पू यादव के प्रदर्शन के बाद संतों के साथ-साथ हिंदुओ में भी आक्रोश देखा जा रहा है.

# अब क्या रामलीला में रावण के वेश पर भी एफआईआर करवाएंगे ? पप्पू यादव पर मचे घमासान के बाद अखिलेश ने बीजेपी को घेरा

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊः** संसद भवन परिसर में राम मंदिर चंदा चोरी को लेकर किए गए नुक्कड़ नाटक मामले में वाराणसी पुलिस ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद और रायबरेली सांसद एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वाराणसी में मुकदमा दर्ज होने के बाद अखिलेश यादव ने हमला बोला है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अब क्या भाजपाई, इस बार रामलीला में सीता-हरण के प्रसंग में 'रावण के भी वेश' पर एफआईआर करवाएंगे ? जो लोग असल जिंदगी में साक्षात् रूप धरकर जन-जन के विश्वास को आहत कर रहे हैं, झूठ बोलकर दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं, उसी वेश में अपशब्द-दुर्वचन बोलते रहते हैं और दुखी मां तक से सरेआम दुर्व्यवहार करते हैं, उनके खिलाफ भावना आहत होने की एफआईआर कब लिखी जाएगी ? बता दें कि शुक्रवार को राम मंदिर चंदा चोरी को लेकर संसद भवन परिसर में एक नुक्कड़ नाटक खेल गया था, जिसमें बिहार राज्य के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, राहुल गांधी और अवधेश प्रसाद इसमें शामिल हुए थे। इसके बाद देश भर में सांधु-संतों में गुस्सा है। वहीं, भाजपा भी जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है और पुतला फूंक रही है। वाराणसी जिले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, राहुल गांधी और अवधेश प्रसाद के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, कई जिलों में थान में तहरीर दी गई है। देश भर में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। साधु-संत और भाजपा विरोध-प्रदर्शन कर रही है।

# सीजेपी आंदोलन दिल्ली में हुआ, यूपी की राजनीति में बहुत कुछ बदल रहा, अब बीएसपी भी युवाओं पर डोरे डालने में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊः दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में किए गए छात्रों के आंदोलन ने राजनीतिक दलों को नई दिशा में सोचने में मजबूर कर दिया है। इस आंदोलन में जहां कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बढ़-चढ़कर भाग लिया वहीं आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी इसमें सक्रिय भागीदार रहे। यह युवा और छात्रों का आंदोलन था और देश में इस वर्ग के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। जब विपक्ष के करीब सभी प्रमुख दल युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए होड़ लगा रहे हैं तो बहुजन समाज पार्टी इसमें पीछे कैसे रह सकती है। बीएसपी प्रमुख मायावती की भी नजर अब जेन-जेड (त्रश्वह्र-ं), यानी युवा वर्ग पर है। यही कारण है कि उन्होंने अब पार्टी के युवा राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के कंधों पर अहम जिम्मेदारी डाल दी है।

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पार्टी प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद इन दिनों पार्टी की सोशल मीडिया टीम को मजबूत करने में जुटे हैं। वे उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। आकाश आनंद सोशल मीडिया के जरिए यूपी में बीएसपी की सरकार के दौर में हासिल की गईं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने वाले हैं।

### मायावती ने आकाश आनंद को दी अहम जिम्मेदारी

बताया जाता है कि आकाश आनंद को यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार के साथ युवाओं में पार्टी की जनाधार बढ़ाने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वे विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। पार्टी के प्रचार अभियान को गति देने के लिए वे जल्द ही दिल्ली में सोशल मीडिया की कोर टीम के साथ मंथन करने वाले हैं। बीएसपी के प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद भी लेने की तैयारी की जा रही है। ऐसा इसलिए है, ताकि युवा वर्ग को बीएसपी के विचारों और यूपी में मायावती की सत्ता के दौर की उपलब्धियों को आसानी से समझाया जा सके।



### सीजेपी आंदोलन का सपा, एएसपी ने उठाया फायदा

दिल्ली में सीजेपी के आंदोलन में युवाओं की अपूर्व भागीदारी ने राजनीतिक पार्टियों का ध्यान आकर्षित किया है। इसमें कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी और आजाद समाज पार्टी ने भी सक्रिय भागीदारी की और इससे राजनीतिक लाभ लेने की भरपूर कोशिश की। अखिलेश यादव की सपा और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (एएसपी) ऐसे दो दल हैं जो यूपी के विधानसभा चुनाव में मायावती की बीएसएपी के प्रतिद्वंद्वी हैं। इन दलों का वोट बैंक एक ही है। सपा जहां पीडीपी (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) का राग आलाप रही है, वहीं चंद्रशेखर आजाद दलितों को केंद्र में रखकर ही राजनीति करते रहे हैं। बीएसपी का मूल जनाधार हमेशा से दलित वर्ग रहा है।

### जेन-जेड के पास चुनावों को प्रभावित करने की ताकत

सीजेपी के आंदोलन में कोई जातीय समूह नहीं था, बल्कि आयु समूह था। वह आयु समूह जिसमें बड़ा वर्ग जेन-जेड (त्रश्वह्र-ं) का था। जेन- जेड सन 1997 से 2012 के बीच जन्मी वह पीढ़ी है जिसमें शामिल किशोर और युवाओं की उम्र 14 से 29 साल की है। यह उन लोगों की पीढ़ी है जो या तो शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं या फिर नौकरियां, व्यवसाय कर रहे हैं। यह पीढ़ी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। खास बात यह भी है कि राजनीतिक पार्टियों की जिस जेन-जेड पर नजर है वह किसी जाति तक सीमित नहीं है। यह बात अलग है कि चंद्रशेखर आजाद की नजर दलित जेन-जेड पर ही है। वे दलित युवाओं को एएसपी के प्रभाव क्षेत्र में लाने की कवायद कर रहे हैं।

### बहुजन समाज पार्टी के सामने बड़ी चुनौतियां

दिल्ली के आंदोलन में युवाओं के बीच पैठ बनाने की सबसे कामयाब कोशिश अखिलेश यादव ने की। चंद्रशेखर आजाद भी आंदोलन को समर्थन देने के बाद संसद परिसर में धरना देकर चर्चा में आए। बहुजन समाज पार्टी, जिसे यूपी में सपा से तो दो-दो हाथ करना ही है, चुनाव में आजाद की एएसपी भी उसके सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। दिल्ली आंदोलन के जरिए युवाओं के बीच पहुंचने में पिछड़ी बीएसपी को अब शायद अपनी गलती का अहसास हो गया है।

### समय बदला, राजनीति की शैली भी बदली

मायावती 1995 में पहली बार सत्ता में आई थीं। वे चार बार मुख्यमंत्री रहीं और उनका अंतिम कार्यकाल 2012 में खत्म हुआ था। यानी मायावती 12 साल से सत्ता से दूर हैं और इस बीच समय काफी बदल गया, पीढ़ियां भी बदल गईं। अब शायद वे यह समझ गई हैं कि समय के साथ राजनीति के तौर-तरीके भी बदल गए हैं। सिर्फ जातियों की सियासत के जरिए चुनावी वैतरणी पार नहीं की जा सकती है। यही कारण है कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर दिया है।

# आगामी चेहल्लुम के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

जालौन-उरई। आगामी चेहल्लुम के पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम राकेश सोनी की अध्यक्षता और सीओ अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया।

शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम राकेश कुमार सोनी ने कहा कि नगर की पहचान हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए रही है। सभी लोग मिलजुलकर त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम के दौरान निकलने वाले जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए। यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसे समय रहते प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका समाधान कराया जा सके। सीओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट को साझा न करें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जुलूस मार्ग पर साफ सफाई व्यवस्था की मांग की गई। इसके साथ ही बताया गया कि जुलूस के दौरान पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है जिससे दिक्क्त होती है। ऐसे में गर्मी के मौसम को देखते हुए जुलूस के दौरान जुलूस मार्ग की बिजली सप्लाई बंद करने एवं जुलूस के निकलने के बाद सप्लाई शुरू कराने की भी मांग की गई। इस मौके पर कोतवाल हरिशंकर चंद, बीडीओ प्रशांत दुबे, शमसाद खां, इमरान अहमद, जाकिर सिद्दीकी, इकबाल मंसूरी, नईम खान, हाफिज रफीक कुरैशी, सुहेल सिद्दीकी आदि रहे।

# व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी को सख्ती से लागू कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर में साप्ताहिक बंदी का असर दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। बंदी के दिन दुकानदार अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान खोल रहे हैं और बंदी के नाम पर सामान महंगा बेचते हैं। जनहित को देखते हुए नगर के व्यापारियों ने बाजार में साप्ताहिक बंदी को सख्ती से लागू कराने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

नगर के व्यापारी अखिलेश, विनय, मोहम्मद इदरीश, इरफान, महेश, राजेश, जितेंद्र, गौरव अग्रवाल, धनश्याम, राजेश लाक्षाकार, इरफान, अजय, भगवान दास, सोहनलाल, लल्लू, नीरज गुप्ता, आशुतोष आदि ने एसडीएम राकेश कुमार सोनी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वर्ष 2020 में कोविड के समय साप्ताहिक बंदी का पालन सख्ती शुरू हो गया था और लगातार चल रहा था। इससे व्यापारियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश मिलता था और आराम का मौका मिल जाता था। दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों को भी राहत मिलती थी। इसके बाद धीरे-धीरे व्यापारियों ने अपनी दुकानों को खोलना शुरू कर दिया था। हाल ही में तत्कालीन एसडीएम रिंकू सिंह राही के समय भी बाजारबंदी के नियम का सख्ती से पालन हुआ। लेकिन अब कुछ दुकानदारों ने फिर से सोमवार को साप्ताहिक बंदी के दिन भी अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान खोलने शुरू कर दिए हैं। इतना ही नहीं व्यापारिक प्रतिष्ठान खोलने वाले दुकानदार बंदी के नाम पर सामान को महंगा भी बेचते हैं। यही कारण है कि उन्हें देखकर अन्य व्यापारी भी धीरे-धीरे अपने प्रतिष्ठान खोलने लगे हैं। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि साप्ताहिक बंदी को कड़ाई से पालन कराया जाए।

# शांति समिति की बैठक में भड़का असंतोषः भाजपाइयों ने लगाया पक्षपात का आरोप, प्रिंट मीडिया ने किया बहिष्कार

( यंग भारत न्यूज )



जालौन। आगामी चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक प्रशासनिक अव्यवस्था और उपेक्षा के कारण विवादों के घेरे में आ गई। एक तरफ जहाँ अधिकारियों ने गंगा-जमुनी तहजीब का हवाला देते हुए पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की, वहीं दूसरी तरफ नगर के संभ्रांत नागरिकों की उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों को दरकिनार किए जाने से स्थानीय भाजपा नेताओं व मीडियाकर्मियों में गहरा रोष फैल गया।

बैठक के आयोजन और आमंत्रित सदस्यों की सूची को लेकर नगर के प्रबुद्ध वर्ग ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। आरोप है कि शांति समिति की बैठकों में जिम्मेदार और निष्पक्ष नागरिकों को बुलाने के बजाय केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। प्रशासनिक उपेक्षा और इस कार्यशैली से क्षुब्ध होकर प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने बैठक का पूर्ण बहिष्कार कर दिया। वहीं, नगर पालिका के वार्ड सभासदों को आमंत्रित न किए जाने पर भाजपा सभासद अन्नू शर्मा, इसरार राईन और शैलेंद्र दोहरे ने कड़ा विरोध जताया। भाजपा नेताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शांति समिति की यह बैठक अपने मूल उद्देश्य से भटककर किसी एक राजनीतिक दल के कार्यक्रम जैसी प्रतीत हो रही थी। इससे पूर्व, उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राकेश कुमार सोनी की अध्यक्षता तथा क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। एसडीएम ने कहा कि नगर की पहचान हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द की रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि चेहल्लुम के जुलूस केवल पूर्व निर्धारित और पारंपरिक मार्गों से ही निकाले जाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। सीओ अजय कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों ने जुलूस मार्गों पर नियमित साफ-सफाई कराए जाने की मांग उठाई। इसके अलावा, भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों ने मांग रखी कि जुलूस के दौरान पूरे नगर की बिजली काटने के बजाय केवल संबंधित जुलूस मार्ग की ही बिजली बंद रखी जाए और जुलूस निकलने के तुरंत बाद आपूर्ति बहाल की जाए। इस बैठक में प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) हरिशंकर चंद, बीडीओ प्रशांत दुबे, शमसाद खां, इमरान अहमद, जाकिर सिद्दीकी, इकबाल मंसूरी, नईम खान, हाफिज रफीक कुरैशी और सुहेल सिद्दीकी समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# सुंदरीकरण के कुछ समय बाद ही तालाब फिर से गंदगी का शिकार बना

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के वार्ड नंबर तीन मोहल्ला जोशियाना में तालाब का सुंदरीकरण कराकर उसे आकर्षक बनाया गया था। सरकार और नगर पालिका की मंशा थी कि तालाब के सुंदरीकरण से क्षेत्र का वातावरण बेहतर होगा और लोगों को स्वच्छ सार्वजनिक स्थान मिलेगा। लेकिन सुंदरीकरण के कुछ समय बाद ही तालाब फिर से गंदगी का शिकार बन गया है।

नगर के मोहल्ला जोशियाना में स्थित तालाब का पिछले वर्ष सुंदरीकरण कराया गया था। सुन्दरीकरण के बाद भी आसपास के कुछ लोग तालाब और उसके किनारे कूड़ा डाल रहे हैं। इसके साथ ही कई लोग तालाब के पानी में गंदे कपड़े धो रहे हैं, जिससे तालाब का पानी तेजी से दूषित हो रहा है। गंदगी और साबुन के पानी के कारण तालाब का पानी बदबूदार हो गया है और उसमें कचरा तैरता दिखाई दे रहा है।

तालाब की दुर्दशा देखकर क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि लाखों रुपये खर्च कराए गए सुंदरीकरण का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। एक ओर सरकार स्वच्छता और जल संरक्षण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर लोगों की लापरवाही से यह तालाब फिर से गंदा हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि तालाब पर निगरानी बढ़ाई जाए और कूड़ा डालने व कपड़े धोने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही तालाब के चारों ओर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए ताकि तालाब का सुंदरीकरण सार्थक हो सके। ईओ सुशील कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही तालाब की नियमित सफाई और रखरखाव के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 35 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई, मात्र 5 का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 35 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई। पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश एसडीएम ने दिए।

एसडीएम राकेश कुमार सोनी की अध्यक्षता और सीओ अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान, राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 12 शिकायतें दर्ज की गई। इसके अलावा पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की सात, बिजली निगम की तीन, नगर पालिका और चिकित्सा विभाग की एक एक शिकायत दर्ज की गई। जिनमें राजस्व विभाग की चार और पुलिस विभाग की एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 30 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर एसडीएम ने निर्देश दिए कि शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। शिकायत के निस्तारण के संबध में शिकायतकर्ता को अवगत कराकर उसका फीडबैक भी लें। शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार तारा शुक्ला, नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता, डॉ. राजीव दुबे, एडीओ पंचायत महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई



**-शांति सद्भाव के साथ मनाए पर्व एसडीएम कोंच**

**-शांति व्यवस्था में खलल किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी सीओ**

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )।** आज कोतवाली परिसर में चेहल्लुम और7 रक्षाबंधन को लेकर को पीस कमेटी की बैठक हुई जिसमें एसडीएम अभिनव कुमार पटेल सीओ परमेश्वर प्रसाद मौजूद रहे इस दौरान नगर के तमाम गणमान्य और व्यापारी बंधुओं ने अपनी अपनी समस्याओं को बताया। चेहल्लुम पर्व पर साफ सफाई रोशनी आदि की व्यवस्था की मांग की रखी एसडीएम अभिनव कुमार यादव ने कहा कि त्यौहारों को शांति। सद्भाव के साथ मनाए किसी तरह की कोई समस्या है तो प्रशासन को जरूर अवगत कराए सीओ परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि त्यौहारों में किसी तरह की अराजकत बर्दाश्त नहीं की जावेगी अगर कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता है तो सख्त कार्यवाही की जावेगी इस पीस कमेटी की बैठक में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह एसडीओ धर्मेंद्र कुमार नगर पालिका के लिपिक जीवन लाल जेई अमन खान अतिरिक्त इंस्पेक्टर अरुण कुमार यादव एसएसआई विमलेश कुमार मंडी चौकी के प्रभारी नीतीश कुमार खेड़ा चौकी इंचार्ज शिव नारायण वर्मा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष प्रभंजन अग्रवाल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय लोहिया अजय रावत भगवान दास अहिरवार अहमद बटी रामू अग्रवाल धनोरा रामकिशोर पुरोहित इमरान खलीफा पवन कुमार दीवान अभिषेक भदोरिया सिपाही धर्मराज सिंह रामू गुर्जर भूपेंद्र सिंह अभिषेक पाल अनिल कुमार सत्येंद्र सिंह दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साधु के वेश धर आए दो ठगो ने महिला से नगदी सहित जेवर भी कर दिए पार, मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवकली में साधु के वेश में आए दो ठगों ने पूजा-पाठ के नाम पर एक दंपती को झांसे में लेकर महिला का मंगलसूत्र, कान के बाले और एक हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

उक्त मामले को लेकर ग्राम देवकली निवासी सुखराम पुत्र रमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जुलाई 2026 की शाम करीब 4:30 बजे वह अपने घर पर थे। इसी दौरान बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल से आए साधु के वेशधारी दो व्यक्ति उनके दरवाजे पर पहुंचे और पानी मांगा। पानी पीने के बाद दोनों ने सुखराम और उनकी पत्नी ज्योति को बुलाकर कहा कि उनके घर पर बड़ा संकट है, जिसे दूर करने के लिए विशेष पूजा करनी होगी।दोनों ने एक कागज में पांच रुद्राक्ष रखकर दिए और पूजा के बहाने महिला से मंगलसूत्र, कान के बाले तथा एक हजार रुपये हाथ में रखने को कहा। इसके बाद दंपती को 151 चावल गिनने में लगा दिया। जब दोनों चावल गिनने में व्यस्त हो गए, तभी कथित साधु जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए।पीड़ित परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन दोनों ठगों का कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों ने बताया कि इसी तरह के दो व्यक्ति उनके घरों पर भी पहुंचे थे।कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रामजी लाल द्वारा की जा रही है।

# प्रातः दस बजे शहीद पार्क में झंडारोहण अपरान्ह तीन बजे स्वतंत्रा संग्राम सेनानी आश्रित सम्मान समारोह

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी( जलौन )।** शनिवार को कालपी प्रेस क्लब कालपी की आवश्यक बैठक क्लब के पत्रकार साथी व्यास भूमि के प्रधान सम्पादक डाक्टर विवेक निगम के रावगंज स्थित आवास पर वरिष्ठ पत्रकार आर एन शुक्ला की अध्यक्षता में मम्पन्न हुई।

बैठक में 80 वें स्वतंत्रा दिवस शनिवार 15अगस्त को क्लब द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार हुई। जिसमें सर्व सम्मति से तय हुआ कि क्लब के द्वारा गणतंत्र दिवस की भांति स्वतंत्रा दिवस पर नगर के तहसील प्रांगण में स्थित शहीद पार्क में प्रात 10बजे झंडारोहण किया जाएगा । जिसमें क्लब के समस्त पदाधिकारी और सदस्य पत्रकार बन्धु ओं की उपस्थिति अनिवार्य है। वही नगर के टरननगंज स्थित श्याम पैलेस गेस्ट हाउस में अपलान्ह 3बजे से स्वतंत्रा दिवस समारोह का आयोजन होगा जिसमे प्रमुख रुप से स्वतंत्रा संग्राम सेनानी के आश्रित को सम्मानित करने तथादेश की आजादी के 80 वर्ष होने के उपलक्ष्य में देश में हुए सतत विकास औल.वर्तमान में देश को विकसित राष्ट्र के निर्माण में जनप्रतिनिधियों सरकारी अधिकारियों और मीडिया की आवश्यक भूमिका पर प्रबुद्ध जनों अधिकारी गणों और जन प्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेन्द्र सिंह चौहान व सहयोगी माननीय संरक्षक गण होंगे । कार्यक्रम की सफलता में क्लब के सभी पत्रकार साथी पूर्ण सहयोग करेंगे । कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए अगली बैठक की सूचना जल्द अधिकारी ग्रुप में डाल दी जाएगी। आज की बैठक में प्रमुख रुप से क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी हरिश्चंद्र दीक्षित (बापू)ब्रजेन्द्र सिंह ज्ञानेंद्र मिश्रा मनोज पाण्डेय अनिल बाजपेई आर एन शुक्ला सर्वेश शर्मा डॉक्टर विवेक निगम शिवांग शुक्ला योगेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे बैठक का संचालन महामंत्री पवन दीप निषादने किया।

# परशुराम मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** शनिवार की संध्या नगर के प्रतिष्ठित भगवान श्री परशुराम मंदिर पर भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत श्री सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। शाम 5बजे शुरू हुए इस आयोजन की शुरुआत भगवान श्रीहनुमान जी और भगवान श्रीपरशुराम जी की प्रतिमा पर तिलक व माल्यार्पण के साथ हुई। संकटमोचन श्रीहनुमान जी के गुणगान और भगवान श्रीराम की महिमा से सजे श्रीसुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में पाठ करते हुए वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक रूप से प्रेरक था, बल्कि समाज में एकता और संस्कारों की भावना को भी प्रकट करता है। आज की आरती प श्री अशोक पटेरिया जी ने की। इस अवसर पर अनुज द्विवेदी प्रधान नागर, रासबिहारी तिवारी, अखिलेश पिपरिया, रामनारायण पस्तोर, शिवकुमार तिवारी, दिनेश adjriya,Áð जे मिश्रा, अश्वनी पस्तोर,अरुण चतुर्वेदी, , स्वदेश पाठक, राजकुमार गुप्ता , अशोक मिश्रा, गौरव पटेरिया, विजय नायक, योगेश व्यास, मोनू मिश्रा,अशोक पटेरिया, हेमंत विदु आ, धर्मेश त्रिपाठी,केशकुमार पुजारी, गिरीश अरजरिया, अवनीश देवलिया , अखिलेश तिवारी,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बताते चलें कि माह के प्रथम शनिवार को श्रीसुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाता है।

# देवी जी मंदिर के सामने बने जानलेवा गड्ढे, बाबई-जालौन मार्ग पर आए दिन हो रहे हादसे

( यंग भारत न्यूज )



**बाबई।** बाबई से जालौन जाने वाले मुख्य मार्ग पर गड्ढों की भरमार के कारण राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। सबसे खस्ताहाल स्थिति देवी जी मंदिर के सामने बनी हुई है, जहाँ सड़क पर बने गहरे गड्ढे आए दिन हादसों का सबब बन रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि मंदिर के ठीक सामने बड़े-बड़े गड्ढे होने की वजह से आए दिन दोपहिया व चारपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। रात के अंधेरे में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को हर समय अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बारिश और जलभराव के कारण सड़क की हालत लगातार और बदतर होती जा रही है, जिससे इस रास्ते पर चलना जोखिम भरा हो गया है। कई बार विभागीय लापरवाही के कारण छोटे-मोटे हादसों में लोग चोटिल भी हो चुके हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों—रामेश्वर बादल, संतोष पाराशर, पिंकू पाराशर और दुलीचंद वर्मा—ने लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और गड्ढों को भरवाने की पुरजोर मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क का जीर्णोद्धार नहीं कराया गया, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है और ग्रामीण जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित नवीन तहसील उरई में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## 68 शिकायतें प्राप्त, 16 का मौके पर निस्तारण; शेष प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित नवीन तहसील उरई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण एवं निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उसकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक भी अवश्य प्राप्त किया जाए। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, कानून-व्यवस्था एवं अन्य पुलिस संबंधी शिकायतों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन का प्रशासन एवं पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन प्रसाद, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, तहसीलदार श्रीश मिश्रा आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में खास तौर पर मेडिकल स्टोरों में नहीं बैठते फार्मासिस्ट

**-कोंच में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, अनियमितताएं मिलने पर क्लीनिक और मेडिकल स्टोर सील**

**- जांच के दौरान पंजीकृत चिकित्सक की अनुपस्थिति और मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट न मिलने का दावा, नियमों के उल्लंघन पर हुई कार्रवाई**

**- रिटायर लोगो के लाइसेंस किराये पर लेकर संचालित हो रहे हैं अधिकांश मेडिकल स्टोर**




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कोंच कस्बे में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध एवं नियमों के विपरीत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। विभागीय टीम ने विमल क्लीनिक और तृप्ति मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आने का दावा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जांच के दौरान क्लीनिक में पंजीकृत चिकित्सक की जगह दूसरे व्यक्ति द्वारा मरीजों का उपचार किए जाने की बात सामने आई। वहीं, तृप्ति मेडिकल स्टोर पर निरीक्षण के समय पंजीकृत फार्मासिस्ट मौजूद नहीं मिला, जबकि नियमानुसार दवा वितरण के दौरान पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य होती है। प्राथमिक जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर विभागीय टीम ने दोनों प्रतिष्ठानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

अधिकारियों ने कहा कि बिना योग्य चिकित्सक के इलाज करना और बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर का संचालन करना कानून का उल्लंघन है।स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध क्लीनिकों और नियमों के विपरीत संचालित मेडिकल स्टोरों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे उपचार और दवाएं केवल अधिकृत एवं पंजीकृत चिकित्सकों तथा लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोरों से ही प्राप्त करें।

# गृह स्वामी को बेइज्जत कर जबरन घर से निकालने का आरोप

**पुलिस से कार्रवाई की मांग, तहसील दिवस में पीड़ित दिया शिकायती पत्र**

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** शहर के चुर्खी बाईपास बघौरा स्थित एक मकान को लेकर विवाद सामने आया है।महिला सूरज मुखी पत्नी मूलचंद पाल ने तहसील दिवस में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके बेटे को बेइज्जत कर जबरन मकान से बाहर निकाल दिया गया और मकान पर ताला डाल दिया गया। महिला ने पुलिस से मकान का ताला खुलवाकर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि चुर्खी बाईपास बघौरा उरई में उसका मकान बना हुआ है, जिसमें उसका पुत्र महाराज सिंह पाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। आरोप है कि धर्मेंद्र यादव पिछले तीन-चार माह से अपने साथियों के साथ वहां आता था और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है कि धर्मेंद्र यादव मकान को खाली करने का दबाव बनाते हुए कहता था कि मकान उसका है और खाली न करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देता था।महिला के मुताबिक, धमकियों से डरकर वह अपनी बहू और छोटे-छोटे नातियों को घर छोड़कर करीब एक माह पहले काम के सिलसिले में बाहर चली गई थी। आरोप है कि 29 जुलाई 2026 को उसके बेटे को बेइज्जत कर जबरन घर से निकाल दिया गया और मकान में ताला डाल दिया गया। महिला का कहना है कि मकान पर धर्मेंद्र यादव ने अपना ताला डालने के साथ ही मकान पर अपना नाम और मोबाइल नंबर भी लिख दिया।पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर मकान का ताला खुलवाने तथा दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की अकाल मौत, गांव में पसरा मातम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के कुरसेड़ा गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कुरसेड़ा निवासी आकाश पुत्र हरप्रसाद (25 वर्ष) शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसी कार्य के दौरान अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला करंट लगने से हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि आकाश मेहनती और मिलनसार स्वभाव का युवक था। उसकी असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों ने मासिक पंचायत में उठाईं समस्याएं, तहसीलदार को सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील कृषक जंटर सिंह मुसमरिया की अध्यक्षता में गल्ला मंडी परिसर में आयोजित हुई। पंचायत में किसानों ने खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए जोरदार आवाज बुलंद की और समाधान की मांग को लेकर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह 'राजू मलथुआ' के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील पहुंचकर ज्ञापन दिया। किसानों ने बताया कि महेवा व कदौरा ब्लाक के प्रत्येक ग्रामों में हफ्ते में एक बार लेखपाल व पंचायत सचिव गांव में बैठकर किसानो की समस्याओं का समाधान करें लेखपालों द्वारा रियल टाइम खतौनी के नाम जहां गलत दर्ज किए गए हैं। जिसमें फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है। जिसके चलते किसानों को खाद न मिलने से फसलें खराब हो रही है। ब्लॉक महेवा के मल्थूवा, दमरास, खड़गुई, अवैधेपुर, आदि तर्जनों ग्रामों के बीच जंगल में वनगाय गौवंश अन्ना घूम रहे हैं। जिनकी संख्या लगभग 200 है। रात दिन खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खरीफ फसल की फसल बीमा की प्रीमियम अभी तक किसानों के खाते में नहीं गई न हीं बीमित फसल की सूची किसानों को उपलब्ध कराई गई है। जिससे बोई हुई फसल का किसानों द्वारा बीमा कराया जा सके। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते अभी खेतों में झूलते जर्जर तार महेवा फीडर से हथनोरा, टिकवाली, तक ठीक नहीं हुई जिससे खेतों की बखराई व बुवाई होने में परेशानी हो रही है। सिरसा कलार फीडर से भीटारी तक पीटीडब्लू तार जमीनों से छू रहे हैं आधे खम्मा की दूरी से जर्जर तार बार-बार टूट कर खेतों में गिरते हैं। जनहानि हो सकती है। कदौरा व महेवा ब्लाक में कम वोल्टेज से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं वर्षा न होने को कम से कम 15 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाए। यूपी ग्रामीण बैंक दमरास में किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु शाखा प्रबंधक अपने दलालों के माध्यम से पैसे किसानों से मांगते हैं। ना ही जन धन योजना का लाभ दिया जा रहा है। किसान अधिक कर्ज में फसता जा रहा है। राजकीय नलकूप बंद पड़े हैं जो यांत्रिक या विद्युत दोष से खराब पड़े हैं उन्हें शीघ्र चालू कराया जाए। मुसमरिया व चुर्खी में सैकड़ो गौवंश घूम रहे हैं। चुर्खी गौशाला बन गई है। जो खाली पड़ी है जहां पर गौवंशों की व्यवस्था कराई जाए। पंचायत में अजय पाल सिंह, सुरेश चौहान खल्ला, जितेंद्र सिंह सतराजू, श्याम बाबू पाल अमीषा, महेश यादव लमसर, जयराम कुशवाहा बारा, सुरेंद्र सिंह कुसमरा, अजय पाल सिंह नादई, गजेंद्र सिंह मल्थूवा, योगेश महाराज, अजय साहू लुहरगांव, जय नारायण खल्ला, रजनेश हथनोरा, सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जे के प्रयास और मारपीट का आरोप

**पीड़ित ने तहसील दिवस में पहुंच कर की शिकायत**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोतवाली उरई क्षेत्र के ग्राम बड़ेरा निवासी 70 वर्षीय लखनलाल पुत्र खचेरे ने अपनी कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास और मारपीट का आरोप लगाते हुए शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में पहुंच कर संबंधित अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 356 एवं 357, मौजा अजनारी में स्थित है। आरोप है कि अजनारी निवासी रामसनेही पुत्र मूल उसकी जमीन में करीब 8 फीट तक सीमेंट का निर्माण कर जबरन कब्जा करना चाहता था। जब लखनलाल ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने कथित रूप से गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। लखनलाल का कहना है कि वह लगभग 70 वर्ष के वृद्ध हैं और आरोपित के दबंग होने के कारण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# ग्राम डकोर में विकासखंड कार्यालय गेट के सामने पेय जल की समस्या को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** तहसील उरई के ग्राम डकोर जनपद जालौन जालौन में नादयी के पास तालाब के बगल में पानी की टंकी से जल सप्लाई पूरे गांव में होती है आज एक महीने से जल सप्लाई बिल्कुल ठप है ग्रामीण गर्मी और उमस में परेशान होकर भी जल डो रहे हैं पशुपालक दर-दर भटक रहे हैं ग्राम पानी भरने दूर-दूर से पानी ला रहे हैं पुरानी टंकी से ही जल सप्लाई पूरी हो सकती है पर जल संस्थान कोई सुद नहीं ले रहा है ग्रामीणों का कहना है की पुरानी टंकी जल सप्लाई से घर-घर पानी पहुंच जाता था घर-घर पानी नहीं पहुंच पा रहा है लोग परेशान है दुखी हैं नममी गंगे सिर्फ छण मात्र के लिए पानी आता है जिससे कोई आरामदायक लाभ नहीं पहुंचा है ग्रामीणों का भरोसा है कि हमारे जिला अधिकारी जालौन हमारी हर समस्या का समाधान करते हैं हमारी जल समस्या का समाधान भी करने की कृपा करें ग्रामीणों में राजेंद्र सिंह बृजेश यादव ब्रजकिशोर मास्टर हरिराम वसोर हल्के आज दर्जनों लोगों ने जिला अधिकारी जालौन पर भरोसा जताया है।

# डीपीआरओ पर अभद्र व्यवहार और ज्ञापन फेंकने का लगा था आरोप, कार्यालय के बाहर पंचायत सचिवों का धरना

**वार्ता के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** जिला पंचायत राज अधिकारी ( डीपीआरओ ) कार्यालय के बाहर शनिवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के पदाधिकारी और पंचायत सचिव धरने पर बैठ गए। सचिवों ने डीपीआरओ राम अयोध्या प्रसाद पर अभद्र व्यवहार करने और ज्ञापन फेंकने का आरोप लगाया। हालांकि बाद में वार्ता के बाद मामला शांत हो गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष पवन तिवारी और जिला मंत्री पवन कुमार तिवारी के नेतृत्व में पंचायत सचिव अपनी विभिन्न मांगों और लंबित समस्याओं को लेकर डीपीआरओ से मिलने पहुंचे थे। सचिवों का आरोप है कि उनकी बात गंभीरता से सुनने के बजाय उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया और ज्ञापन भी स्वीकार नहीं किया गया। इससे नाराज होकर सभी सचिव कार्यालय परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान सचिवों ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने और कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कार्यालय में हलचल मच गई। बाद में डीपीआरओ ने प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। दोनों पक्षों के बीच मांगों और समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसके बाद सहमति बनने पर पंचायत सचिवों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने में पुष्पेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, राहुल पहारिया, शिवम कौशिक, सत्यम सेंगर, अजय चौहान, रामेन्द्र प्रताप सिंह, जितेंद्र, अंकित श्रीवास्तव, रविंद्र प्रताप सिंह प्रजापति, मोहित त्राहिया, बुद्ध सिंह, सुमित कुमार, वसीम खान, विनय स्वर्णकार, शिवम पचौरी, नीरज कुमार, राणा इंद्रजीत सिंह, रोहित कुमार वर्मा, ऋषभ शर्मा, विकास पटेल, भगवती सोनी, हर्षित गुप्ता और संजय कुमार श्रीवास सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता एवं समयबद्ध निर्माण के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में उरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मडोरा में निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि पंचायत उत्सव भवन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विवाह, मुंडन एवं अन्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सुलभ एवं किफायती स्थान उपलब्ध कराने की परिकल्पना के तहत बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न भागों का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत उत्सव भवन ग्रामीण क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण जनोपयोगी परियोजना है, जिससे स्थानीय लोगों को सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा नियमित निगरानी पर विशेष बल देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में फरियादियों की 33 शिकायतें आयी, मात्र 7 का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल तथा एसडीएम विनय कुमार मौर्य की मौजूदगी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 33 शिकायते प्रस्तुत की गई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व की 8 तथा पुलिस विभाग के 06 मामले शामिल हैं। मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया।



तहसील सभाकक्ष मे आयोजित समाधान दिवस में एडीएम राजीव राज,एसडीएम विनय कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी राजेश कमल,तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार,प्रिंस सिंह राजपूत के समक्ष बालवीर निवासी ग्राम खल्ला ने बताया की प्रार्थी के खेत संख्या 335 में तिली बोई हुई थी। खेत के बीचो-बीच विपक्षियों के द्वारा ट्रैक्टर से फसल को रौंद दिया गया। विलेंद्र सिंह निवासी भेड़ी खुर्द ने शिकायत करते हुए बताया कि मतदाता सूची में उसका नाम दर्ज कराया जाए। अतर सिंह निवासी ग्राम लोना ने बताया कि प्रार्थी की जमीन की जबरन गुंडागर्दी के बल पर मेड तोड़कर कब्जा किया गया। सुमन देवी निवासी ग्राम प्रधान मैनपुर ने बताया कि अप्रैल 2026 में देवकली गुढ़ा खास की गौशाला बंद करा दी गई थी। जानवर मर्ज नहीं किए गए। अन्ना जानवर घूम रहे हैं। जय देवी निवासी ग्राम अकबरपुर इटोरा ने बताया कि प्रार्थी की जमीन में घूरा करकट डालकर विपक्षी कब्जा कर रहे हैं। मोहम्मद रफी निवासी मोहल्ला काजीपुरा कालपी ने बिजली खम्मा लगाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने पिछले समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रों के विभाग वार निस्तारण की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की गाइडलाइन के अनुरूप सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए। जांच के दौरान समय तथा दिनांक का उल्लेख जरूरी है। तथा आवेदक का संतुष्टि भी होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिए। राजस्व निरीक्षक प्रमोद दुवे,हरेंद्र सिंह सेंगर,सुरेश कुमार,नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक, विधुत विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान, जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली, वन विभाग के क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार,प्रेम कुमार पाण्डेय, हर्ष सोनी, शशांक विश्वकर्मा स्टैनो सलीम खान,तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार,कालपी कोतवाली कालपी के सब इंस्पेक्टर देवेंद्र भदौरिया के अलावा कदौरा,आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# केरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में छात्राओं को करियर के विभिन्न क्षेत्रों से अवगत कराया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । विद्यार्थियों के समग्र विकास और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से आनंदी बाई हर्षे सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को करियर के विभिन्न क्षेत्रों से अवगत कराया गया और उन्हें सही समय पर सही दिशा देकर उनके लक्ष्य निर्धारण में मदद की गई।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित फुंदी सिंह लौना राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर ऋषभ बघेल ने छात्राओं को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। उन्होंने उच्च शिक्षा के अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास और समय प्रबंधन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर सतत प्रयास और सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने कहा कि सही समय पर सही मार्गदर्शन ही विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन का पालन करने, निरंतर अध्ययन करने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। छात्राओं ने भी करियर से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। मुख्य वक्ता ने सभी प्रश्नों के सरल और व्यावहारिक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर प्रीति, रागिनी, समिष्ठा, नैंसी, प्रियंका, चारू, विनीता आदि रहे।

# सेवा निवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** तहसील कालपी के अर्दली नरेश कुमार तथा जल संस्थान कालपी में ऑपरेटर पद से सेवानिवृत्त हुए हरिराम प्रजापति के सम्मान मे कार्यालयों के परिसर में विदाई समारोह आयोजित किये गये। समारोह में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्मृति-चिन्ह देकर सुखद भविष्य की कामना की।

जलसंस्थान कार्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण और सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने हरिराम प्रजापति की कार्यशैली, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है। जल संस्थान के सहायक अभियंता अश्विनी कुमार यादव ने कहा कि हरिराम प्रजापति ने अपने पूरे सेवाकाल में जिम्मेदारी और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन किया।अवर अभियंता वासित अली ने कहा कि हरिराम प्रजापति विभागीय कार्यों के साथ-साथ राजस्व वसूली में भी हमेशा अग्रणी रहे। पालिका के एकाउंटेंट हरिभूषण सिंह चौहान, लेखाकार संतोष कुमार भारती, लेखाकार अश्विनी सचान, प्रधानाचार्य सबाहत हुसैन, राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह यादव, रमेश कुमार यादव, रविंद्र यादव, आशीष यादव, अमर सिंह यादव, चंद्रशेखर पुरवार आदि मौजूद रहे। इसी तरह तहसील सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारी नरेश कुमार को राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर विदाई दी।

# पुलिस ने हादसे के आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पिकअप की टक्कर से बाइक चालक व उसके साथी घायल होने के मामले में घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिकअप व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड निवासी रामू ने पुलिस को बताया कि बीती 18 जुलाई को उनका भाई श्यामू बाइक से भतीजे राज, भतीजी गौरी व भाभी सेराज को साथ लेकर गांव से गोहन की ओर जा रहा था। जब उनकी बाइक सहाव के आगे ईंट भट्टे के पास पहुंची तभी सामने से तेज रफ्तार पिकअप आ रही थी। पिकअप को देखकर भाई ने अपनी बाइक साइड में कर ली। इसके बाद भी पिकअप चालक ने बेकाबू होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सभी लोग गिरकर घायल हो गए। वहीं, पिकअप चालक पिकअप को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। सभी को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुचांया गया। जहां डॉक्टरों ने भाई श्सामू और भतीजे राज की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पहले उरई फिर कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिकअप व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन की जयंती पर याद किए गए उनके राष्ट्रसेवा के योगदान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** शनिवार को भारत रत्न एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन की जयंती समारोह स्थानीय नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार तथा स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




स्थानीय नगर के मोतीचंद वर्मा विद्या निकेतन, सदर बाजार, कालपी के परिसर में आयोजित जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रमुख समाजसेवी जय खत्री ने कहा कि राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समारोह में राजीव पुरवार, अनूप मेहरोत्रा हर्षित खन्ना सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर राजर्षि टंडन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, ग़ज़ल एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अंत में सभी ने राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

# रेंढर पुलिस का गुड वर्क

## 14 वर्षीय लापता किशोरी को रेंढर पुलिस ने कुछ घंटों में सकुशल किया बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** रेंढर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ घंटों के भीतर लापता हुई 14 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सक्रियता और सघन तलाश अभियान के चलते किशोरी सुरक्षित मिल गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोरी शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश करने के बाद रेंढर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हो गई। पुलिस ने सर्विलांस, मुखबिर तंत्र तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से व्यापक खोजबीन अभियान चलाया। सघन तलाशी के दौरान पुलिस ने कुछ ही समय में किशोरी को ग्राम कुसमरा के पास सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वह घर से नाराज होकर बिना किसी को बताए अपने मामा के घर जाने के लिए निकल गई थी। उसने स्पष्ट किया कि उसके साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने किशोरी को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की छत से गिर कर मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । थाना कदौरा क्षेत्र के ग्राम बबीना में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला अपने मकान की छत पर सोकर उठी थी। इसी दौरान वह हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गई और करंट लगने से संतुलन बिगड़ने पर छत से नीचे गिर गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बबीना निवासी सीमा (38) पत्नी विपिन शनिवार सुबह छत पर सोकर उठी थीं। बताया जा रहा है कि वह नींद की अवस्था में चलते-चलते छत के किनारे तक पहुंच गईं। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के तारों के संपर्क में उनका शरीर आ गया। तेज करंट लगते ही उनका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे बनी सीसी सड़क पर गिर पड़ीं। महिला के गिरने की आवाज और चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस भी पहुंच गई। परिजन व ग्रामीण गंभीर रूप से घायल सीमा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कदौरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आबादी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को लेकर गहरी चिंता जताई है। ग्रामीणों ने भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विद्युत विभाग से सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने और लाइन को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है।

# माधौगढ़ तहसील दिवस पर श्री राम सोलर, कुठौंद का विशेष कैंप आयोजित

( यंग भारत न्यूज )




**उरई /कुंठोद।** माधौगढ़ तहसील में आज तहसील दिवस के अवसर पर वेंडर श्री राम सोलर, कुठौंद द्वारा एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने पहुंचकर सौर ऊर्जा योजनाओं, सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी तथा सोलर संयंत्र लगवाने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

श्री राम सोलर, कुठौंद के प्रतिनिधियों ने लोगों को बताया कि सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली खर्च में काफी कमी आती है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। कैंप में उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी गई तथा उन्हें आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तहसील दिवस में आए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया। Authorized Vendor श्री राम सोलर, कुठौंद की ओर से कहा गया कि भविष्य में भी आमजन को सौर ऊर्जा से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे जागरूकता एवं सहायता शिविर लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

# राजमिस्त्री ठेकेदार पर जानलेवा हमला, सिर पर वार कर किया लहूलुहान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** उरई कोतवाली क्षेत्र में एक राजमिस्त्री ठेकेदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ दबंगों ने ठेकेदार को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटा और उसके सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड स्थित विधि महाविद्यालय के पास की है। घायल ठेकेदार सुनील ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने काम से लौट रहा था, तभी उमरारखेड़ा निवासी संदीप ने अपने साथियों के साथ उसे रोक लिया और अचानक हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित ने उरई कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रेढ़र पुलिस ने छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी के आरोपी को भेजा जेल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद की थाना रेढ़र पुलिस ने छेड़छाड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के मामले में 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की तहरीर पर थाना रेढ़र में मुकदमा संख्या 66/2026 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 25 जुलाई को आरोपी ने घर के बाहर खड़ी युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। विवेचना के दौरान थाना रेढ़र पुलिस ने 31 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में महिला अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी अभिमेंद्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक महेंद्रलाल, कांस्टेबल शिवशंकर तथा कांस्टेबल अनिल कुमार शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे अपराधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 70 वर्षीय वृद्ध का शव कमरे में फंदे से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उरई कोतवाली क्षेत्र के उमरार खेड़ा मोहल्ले में शुक्रवार देर शाम एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना का पता तब चला जब कमरे से तेज दुर्गंध आने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, उमरार खेड़ा निवासी दयाराम पाल (70) पिछले दो दिनों से अपने कमरे में थे। परिजनों ने समझा कि वह आराम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें परेशान नहीं किया। शुक्रवार शाम कमरे से तेज दुर्गंध आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा खोलने पर दयाराम पाल का शव रस्सी के फंदे से लटका मिला, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# पति की दो बीवी; 3-3 दिन वाला फॉर्मूला फेल, दूसरी पत्नी छोड़ चली गई

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के रामपुर जिले में एक पंचायत का फैसला हाल ही में काफी चर्चा में रहा था। एक युवक की दो पत्नियां हैं, उनके साथ रहने को लेकर पंचायत ने तीन-तीन दिन वाला फॉर्मूला दिया था। एक दिन किसी के साथ रहने की आजादी युवक को दी थी, लेकिन अब इस मामले में ट्विस्ट आ गया है। युवक को उसकी एक पत्नी ने छोड़ दिया है। हालांकि, इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। रामपुर जिले के दढ़ियाल चौकी क्षेत्र में एक सप्ताह पहले पंचायत हुई थी, जिसमें फैसला सुनाया गया था। 14 साल पहले एक युवक की शादी उत्तराखंड की युवती से हुई थी। पहली पत्नी से युवक को दो बेटियां हैं। बेटे की चाहत में युवक ने 10 साल बाद दूसरी शादी कर ली। दूसरी शादी के लिए युवक ने पहली पत्नी से कोई बातचीत नहीं की। हालांकि, युवक की दूसरी शादी के लिए पहली पत्नी ने कोई विरोध नहीं जताया। दूसरी पत्नी से शादी करने के चार साल बाद भी उसकी बेटे की चाहत पूरी नहीं हुई और दूसरी पत्नी से दो बेटियां हुईं।



आरोप है कि युवक दूसरी पत्नी के साथ ही रहने लगा और पहली पत्नी से दूरी बनाने लगा। पहली पत्नी के सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हुई तो घर में विवाद बढ़ने लगा। एक सप्ताह पहले विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई। पंचों ने तीन-तीन दिन वाला फॉर्मूला तय किया। तीनों पक्षों दोनों पत्नी और पति ने स्वीकार भी कर लिया। अब अचानक से छोटी पत्नी पति को छोड़कर कहीं चली गई। वह छोटी बेटी को साथ ले गई है। पति के अनुसार, पत्नी रविवार को बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर नहीं दी गई है। अगर तहरीर दी जाएगी तो जरूर कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी के इस रिटायर आईएएस अफसर को योगी सरकार ने फिर बुलाया, ये जिम्मेदारी थमाई

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश ग्राम विकास विभाग के अधीन निदेशक सोशल ऑडिट नियुक्त किया है. उन्होंने लखनऊ स्थित सोशल ऑडिट निदेशालय में पदभार ग्रहण कर लिया है. शैलेंद्र कुमार सिंह इससे पहले आगरा मंडल के मंडलायुक्त सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य कर चुके हैं. लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और मथुरा में जिलाधिकारी रहे हैं. निदेशक, सूडा भी रह चुके हैं. योगी सरकार ने उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी है.



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल का शुक्रवार को एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया. 31 जुलाई 2025 को शशि प्रकाश गोयल ने मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला था. मुख्य सचिव का एक साल का कार्यकाल काफी अच्छा रहा है. जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मुख्य सचिव के कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के कार्यकाल में यूपी के विकास कार्यों में तेजी आई. हर सप्ताह वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं. जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों के साथ नियमित बैठक कर विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करते हैं. केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में मुख्य सचिव की अहम भूमिका है. 31 जनवरी 2027 को सेवानिवृत्त होने तक वह मुख्य सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे. 20 जनवरी 1967 को लखनऊ में शशि प्रकाश गोयल का जन्म हुआ था.1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. वर्तमान मुख्य सचिव अपने बैच के टॉपर और गोल्ड मेडलिस्ट हैं. बीएससी ऑनर्स, एमसीए और इंटरनेशनल बिजनेस में एग्जीक्यूटिव एमबीए कर चुके हैं. वर्ष 1990 में इटावा से सहायक मजिस्ट्रेट के रूप में उनका प्रशासनिक सफर शुरू हुआ था. मुख्य सचिव एसपी गोयल इटावा, देवरिया, मथुरा, प्रयागराज और अलीगढ़ के जिलाधिकारी रह चुके हैं. वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव बने थे. 2020 में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव और 2025 में आइएएस शशि प्रकाश गोयल यूपी के मुख्य सचिव बने थे.

# इंस्टाग्राम पर हुआ इश्क, 6 महीने का मासूम बना 'रास्ते का कांटा'! फिर नाले से जो मिला, उसने पूरे यूपी को हिला दिया

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ:** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मेरठ से जुड़ा एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। सोशल मीडिया पर शुरू हुई एक कथित प्रेम कहानी का अंत छह महीने के मासूम की मौत के रूप में हुआ।




आरोप है कि इंस्टाग्राम पर बने रिश्ते के कारण एक महिला अपने छह महीने के बेटे को लेकर पति का घर छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। बाद में मासूम का शव नाले से बरामद हुआ। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और लोग सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर गहरी नाराजगी जता रहे हैं। पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया है, जबकि पूरे मामले की जांच अब मेरठ पुलिस के हवाले की जा रही है। मृतक बच्चे के पिता ने अपनी पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर बेटे की हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस जांच में सामने आई जानकारी के अनुसार, सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र के दौलतपुर छन्नों गांव निवासी महिला की पहचान उसके पति इमरान की पत्नी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले महिला की मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए विशाल नाम के युवक से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और धीरे-धीरे यह दोस्ती कथित तौर पर प्रेम संबंध में बदल गई। सोशल मीडिया पर लगातार बातचीत के बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया। यही कथित रिश्ता आगे चलकर एक मासूम की जिंदगी पर भारी पड़ गया। पीड़ित पति इमरान के मुताबिक, 12 जुलाई को उसकी पत्नी छह महीने के बेटे समीर को लेकर यह कहकर घर से निकली कि वह बच्चे को दवा दिलाने जा रही है। परिवार को उम्मीद थी कि वह कुछ ही देर में वापस लौट आएगी। लेकिन देर रात तक जब महिला और बच्चा घर नहीं पहुंचे तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। आखिरकार मामले की सूचना पुलिस को दी गई और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने महिला और बच्चे की तलाश शुरू की। मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस को पता चला कि महिला हापुड़ में मौजूद है। 16 जुलाई को पुलिस ने महिला को हापुड़ में विशाल नाम के युवक के घर से बरामद कर लिया। हालांकि उस समय उसके साथ छह महीने का मासूम समीर मौजूद नहीं था। बच्चे के बारे में पूछे जाने पर महिला के जवाबों ने पुलिस को शक में डाल दिया। कड़ी पूछताछ के दौरान महिला ने स्वीकार किया कि वह इंस्टाग्राम के माध्यम से विशाल के संपर्क में आई थी और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए थे। जांच में सामने आया कि 12 जुलाई की रात महिला अपने छह महीने के बेटे को लेकर मेरठ के सोहराब गेट बस अड्डे पर पहुंची थी, जहां उसकी मुलाकात विशाल से हुई। आरोप है कि विशाल ने महिला से साफ कह दिया कि वह बच्चे को अपने साथ नहीं रख सकता क्योंकि इससे उनके साथ रहने की योजना प्रभावित हो जाएगी। इसके बाद उसने बच्चे को किसी परिचित के पास छोड़ने का बहाना बनाया और मासूम को अपने साथ ले गया। पुलिस के अनुसार, अगले दिन छह महीने के मासूम समीर का शव एक नाले से बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि बच्चे को रास्ते से हटाने के उद्देश्य से नाले में फेंका गया। हालांकि पुलिस अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों का इंतजार कर रही है ताकि मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि की जा सके। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी सबूतों का विश्लेषण किया जाएगा। मृतक मासूम के पिता इमरान ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी और उसके कथित प्रेमी विशाल ने मिलकर उसके छह महीने के बेटे की हत्या की है। इमरान का कहना है कि यदि उसकी पत्नी प्रेमी के साथ जाना चाहती थी तो कम से कम मासूम की जान नहीं लेनी चाहिए थी। उसने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फांसी जैसी सजा की मांग की है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले में क्षेत्राधिकारी (सीओ) शशि प्रकाश शर्मा ने बताया कि पीड़ित पति इमरान की ओर से जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चूंकि घटना का महत्वपूर्ण हिस्सा मेरठ क्षेत्र में घटित हुआ है, इसलिए पूरे मामले की केस डायरी और संबंधित दस्तावेज मेरठ पुलिस को भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य उपलब्ध सबूतों के आधार पर निष्पक्ष जांच करेगी। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर सोशल मीडिया के जरिए बनने वाले रिश्तों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। पिछले कुछ वर्षों में इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बने संबंधों से जुड़े कई आपराधिक मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया पर बने रिश्तों में कई बार वास्तविक पहचान, पारिवारिक जिम्मेदारियों और भविष्य के परिणामों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। जब ऐसे संबंधों में जल्दबाजी या गलत फैसले शामिल हो जाते हैं, तो उनके गंभीर सामाजिक और कानूनी परिणाम सामने आ सकते हैं। हालांकि यह भी महत्वपूर्ण है कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को घटना के लिए सीधे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जिम्मेदारी व्यक्तियों के निर्णयों और उनके कथित आपराधिक कृत्यों की होती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और आरोपियों से पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मासूम की मौत किन परिस्थितियों में हुई और किसकी क्या भूमिका रही। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और अदालत में आरोप सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक सभी आरोप जांच के दायरे में हैं।

लेकिन छह महीने के मासूम की दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिवार न्याय की मांग कर रहा है, जबकि पुलिस का कहना है कि मामले में उपलब्ध हर साक्ष्य के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# संसद भवन में पप्पू यादव का 'नुक्कड़ नाटक'! बीजेपी प्रवक्ता बोले- 'एक पप्पू दूसरे पप्पू के साथ मिलकर हिंदुत्व को कर रहे अपमानित'

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** एक ओर देश में राम मंदिर चंदा चोरी का मामला तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर संसद भवन परिसर में शुक्रवार को जो हुआ, वह हर किसी को हैरान करने वाला था। बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव इस मुद्दे पर संसद परिसर में प्रदर्शन करते हुए साधु के भेष में पहुंचे और परिसर के बाहर बैठ गए। इस दौरान विपक्षी सांसद की मौजूदगी के साथ-साथ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पप्पू यादव के प्रदर्शन में साथ दिया। अब इस मामले को लेकर तेज हो रही सियासत के बीच भाजपा भी विपक्ष पर हमलावर होती दिखाई दे रही है। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक पप्पू ने दूसरे पप्पू के साथ मिलकर हिंदुत्व को अपमानित करने की चेष्टा कर रहे हैं।



भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने इस मुद्दे पर अपना बयान जारी करते हुए कहा कि देश की संसद में एक पप्पू दूसरे पप्पू के साथ मिलकर हिंदुत्व को अपमानित करने की आज जो चेष्टा कर रहे हैं, वह निश्चित तौर पर बेहद अपमानजनक है, दु:खद है और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर की इतनी चिंता होती तो मंदिर निर्माण में अपना सहयोग करते। राकेश त्रिपाठी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग बाबरी के पैरोकार थे, जिन्होंने मंदिर निर्माण में हर प्रकार की बाधाएं उत्पन्न करने की कामना की है और आज चंदा चोरी के बहाने भगवा पहन कर साधु-संतों और सनातन को अपमानित करने की लगातार चेष्टा कर रहे हैं, उसने एक नया अध्याय और जोड़ने का काम किया है। प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने आगे कहा कि देश की संसद के भीतर जिस तरह का आज विपक्ष ने घटिया काम किया है, उसे ये देश कतई स्वीकार नहीं करेगा। इतना ही नहीं, साधु-संतों का इस अपमान का देश प्रतिकार करेगा। बता दें कि राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी के विरोध में सांसद पप्पू यादव भगवा वस्त्र पहनकर संसद पहुंचे। इस प्रदर्शन में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, डिंपल यादव और अवधेश प्रसाद शामिल थे। विरोध के दौरान राहुल गांधी और सपा सांसदों ने पप्पू यादव को सांकेतिक दान दिया

# जिस बस को चला रही पत्नी उसी में टिकट काटता है पति चर्चा में है ये कपल

( यंग भारत न्यूज )

**बुलन्दशहर।** यूपी के बुलन्दशहर में इस समय उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में कार्यरत पति-पत्नी की जोड़ी सुर्खियों में बनी हुई है. हर तरफ दोनों की चर्चा है. उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की लोनी डिपो की रोडवेज बस पर पति-पत्नी तैनात दिलचस्प यह है कि पत्नी के हाथ में रोडवेज बस का स्टेयरिंग है और पति यात्रियों के टिकट काटते हैं. ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। जो भी इस अनोखी तस्वीर को देखता है वहीं हैरत में पड़ जाता है कि रोडवेज बस को महिला चला रही है और उसका पति टिकट काट रहा है. दरअसल उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की रोडवेज बस की ड्राइवर एक महिला है, जिसका नाम वेदकुमारी है और उसी बस में परिचालक का काम कर रहे शख्स कोई और नहीं बल्कि इस महिला के पति मुकेश प्रजापति हैं. जो रोडवेज बस में टिकट काटते हैं. वेदकुमारी संस्कृत विषय में पोस्ट ग्रेजुएट हैं. अभी तक वह दिल्ली पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रही थी, लेकिन रोडवेज में महिला चालकों की भर्ती निकलने पर वेदकुमारी ने अपना इरादा बदलकर रोडवेज बस का स्टेयरिंग थाम लिया. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत ड्राइवर बनने की तैयारी की और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के सहयोग से साल 2021 में वेदकुमारी ने मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कानपुर से भारी वाहन चलाने की ट्रेनिंग ली. इसके बाद वेदकुमारी को लोनी डिपो की वर्कशाप में 10 माह के प्रशिक्षण के लिए भेज दिया गया. अप्रैल 2023 में कौशांबी डिपो से वेदकुमारी पहली बार रोडवेज बस का स्टेयरिंग थाम वह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ड्राइवर बन गई. यह पति-पत्नी अब कौशांबी से बदायूं रूट पर एक ही रोडवेज बस में एक साथ नौकरी कर एक-दूसरे के साथ अपना जीवन यापन कर रहे हैं. वेदकुमारी एक बेटे और बेटी की मां भी हैं. बेटा सूर्यकांत 10वीं और बेटी भाविका केजी में पढ़ रही है. वेदकुमारी का कहना है फिलहाल वे संविदा पद पर तैनात हैं. वेदकुमारी का कहना है कि सरकार द्वारा अच्छे हाईवे बनाए गए हैं, जिससे अब बस चलाने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आ रही. इसके साथ ही वेदकुमारी ने बताया कि पिछले 1 साल से बस चला रही हैं और आने जाने वाली यात्री जब उनको बस चलाते देखते हैं तो कोई उनका फोटो खींचता है और कोई उनकी वीडियो बनाता है और सोशल मीडिया पर डालता है. इससे वह काफी खुश हैं. फिलहाल वेदकुमारी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है.



# जिनके पतियों के नाम का कभी यूपी में चलता था सिक्का, आज उन 3 पत्नियों को क्यों ढूंढती फिर रही पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश पुलिस चार महिलाओं को कई सालों से ढूंढ रही है, लेकिन ये हाथ ही नहीं लग रहीं. पता नहीं धरती निगल गई या आसमान खा गया. ये चारों महिलाएं प्रदेश के चर्चित माफिया रहे मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और अशरफ से जुड़ी हैं और अलग-अलग मामलों में वांछित हैं.




सबसे पहले बात करते हैं मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी. उसके खिलाफ हथियार के लाइसेंस को लेकर एक नया मुकदमा दर्ज किया गया है. वहीं, अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, उसके भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा की तलाश भी जारी है. आइए जानते हैं इनकी कहानी. मुख्तार अंसारी की मार्च 2024 में बांदा जेल में मौत हो गई थी. इसके बाद से अफशां अंसारी लगातार फरार है. पुलिस का कहना है कि वह उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है और उन्हें आत्मसमर्पण कराने की भी कोशिश की जा रही है. पुलिस के मुताबिक नया मामला अफशां अंसारी के नाम पर जारी शस्त्र लाइसेंस से जुड़ा है. जांच में सामने आया कि उनके नाम से एक रिवॉल्वर खरीदी गई थी, जिसे बाद में बेच दिया गया और फिर दूसरा हथियार लिया गया, लेकिन खरीद-बिक्री से जुड़े जरूरी दस्तावेज गाजीपुर जिलाधिकारी कार्यालय के रिकॉर्ड से गायब मिले. पुलिस को शक है कि इन रिकॉर्ड को जानबूझकर हटाया गया ताकि हथियार का इस्तेमाल अंसारी गैंग के सदस्य करते रहें और जांच एजेंसियों को इसकी जानकारी न मिल सके. अब तक वह रिवॉल्वर भी बरामद नहीं हो सकी है. इस मामले में अफशां अंसारी के अलावा गाजीपुर डीएम कार्यालय में रिकॉर्ड सहायक रहे नारायण राम और भीष्म सिंह यादव को भी आरोपी बनाया गया है. नारायण राम की मृत्यु हो चुकी है. आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं.

# 'निकालो राम को. तुम्हारी सीता मैया को ले जाएँगे': रामनवमी में हिंदुओं ने ही झेला हमला, 11 आरोपितों के बरी होने पर वही न्याय के इंतजार में

( यंग भारत न्यूज )

2022 में खरगोन में रामनवमी शोभा यात्रा पर हमला। हिंदू बहन-बेटियों को रेप की धमकी, जिले के स्क तक को गोली मारी... अब 11 आरोपित बरी। इबादत सादिक अब्दुल्लासाहेब उर्फ शाहिबशेरयार फैजलआजम शब्बीर इमरानमुस्ताक राजिक ऊपर जो 11 नाम हैं, वो रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान हिंदुओं पर हमले के आरोपी रहे हैं। 2022 में मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में कट्टर मुस्लिम भीड़ ने शोभा यात्रा में ष्ठ्ठ बजाने को लेकर हमला किया था। जिले के स्क तक को गोली मारी थी इसी भीड़ ने। अनेकों घर जला दिए थे, हिंदू बहन-बेटियों को रेप की धमकी दी गई थी। भगवान श्रीराम और माता सीता को लेकर आपत्तिजनक बात कही थी। जहाँ इतना सब कुछ हुआ, उसी जिले के सेशन कोर्ट ने लगभग 4 साल बाद 27 जुलाई 2026 को उपरोक्त सभी 11 आरोपितों को बरी कर दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से आरोपितों पर निम्नलिखित गंभीर आरोप लगाए गए थे:

(a) भीड़ जमा करने

(b) घातक हथियारों से लैस होकर हमला करने

(c) पत्थरबाजी करने

(d) मकान-वाहन व अन्य सामानों की तोड़-फोड़ करने

(e) पेट्रोल बम फेंकने

(f) घरों में आग लगाने

(g) पीड़ितों के जीवन को खतरा में डालने

(h) संपत्ति की क्षति करने

पुलिस की ओर से इनसे संबंधित सुसंगत धाराएँ भी आरोपितों पर लगाई गई थी। इन आरोपों को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने कुल 13 साक्षी लोगों के बयानों को भी कोर्ट के सामने रखा, सभी 13 का परीक्षण भी कराया गया। कोर्ट ने इन 13 में से 11 लोगों को प्रत्यक्ष व चश्मदीद साक्षी भी माना। इस पूरी कानूनी प्रक्रिया में सभी 11 आरोपितों का कहना था कि वे लोग निर्दोष हैं, उनको झूठे केस में फँसाया गया है – हालाँकि किसी भी आरोपित की ओर से अपने बचाव में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। अभियोजन पक्ष ने अपनी ओर से साक्ष्य सहित कुल 10 आरोप कोर्ट के सामने रखे। खरगोन (मंडलेश्वर) के चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश नाथ के समक्ष सभी 11 आरोपितों की संलिप्तता से संबंधित कुल 8 विचारणीय प्रश्न भी रखे गए।



हालाँकि जज ने आदेश देते हुए 50 पॉइंट में सभी आरोपों और प्रश्नों पर कोर्ट का तर्क रखा। अंततः 'अपराध संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल' की बात रखते हुए जज मुकेश नाथ ने सभी 11 आरोपितों को उनके ऊपर लगाए गए अपराधों के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। अपने आदेश के पीछे न्यायाधीश ने 50 पॉइंट में निम्नलिखित महत्वपूर्ण तर्क दिए: अब सवाल उठता है कि जब कोर्ट ने आरोपितों को उनके ऊपर लगे अपराधों से बरी कर दिया है तो लंबी-चौड़ी खबर लिखी ही क्यों जाए? इसका उत्तर जानने से पहले यह देखना जरूरी है कि खरगोन में रामनवमी शोभा यात्रा में जो दंगे हुए थे, उसकी भयावहता क्या थी? तब मीडिया में क्या-क्या छपा था? ऊपर जो खबरें दी गई हैं, वो सिर्फ ऑपइंडिया में प्रकाशित खबरें नहीं हैं। मुख्य धारा की मीडिया ने भी इसे प्रमुखता से कवर किया था। ग्राउंड रिपोर्टिंग की गई थी। दंगा पीड़ित हिंदुओं के अलावे घायल पुलिस वालों की आपबीती भी मीडिया ने बखूबी चलाया था। मतलब दंगा हुआ था, इसको इनकार नहीं किया जा सकता। बात अगर सिर्फ दंगे की हो तो मीडिया 'अपराध संदेह से परे प्रमाणित करने में सफल' रहा था। व्यक्ति विशेष को अपराधी घोषित करना या नहीं – यह न्यायालय का काम है, उन्होंने किया भी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 1984 में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधारित मामलों वाले इस केस में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि आरोपित पर लगाए गए आरोपों और अपराधों को साबित करने का दायित्व अभियोजन पक्ष का होता है। अभियोजन पक्ष मतलब राज्य, राज्य मतलब पुलिस-वकील-डॉक्टर-फॉरेंसिक-लैब आदि। अब सवाल उठता है कि जब खरगोन में रामनवमी शोभा यात्रा पर दंगाई मुस्लिम भीड़ ने हमला किया

# दमदार पंच : गोल्ड मेडल से एक कदम दूर प्रीति और अंकुश

## मुक्केबाजी में भारत का दबदबा



ग्लास्गो

भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार (54 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बना ली।

भिवानी की एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता 22 वर्षीय प्रीति ने मुकाबले के दौरान शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बायीं ओर से सटीक पंच और प्रभावी जवाबी हमले के दम पर म्वापे को लगातार दबाव में रखा। फाइनल में प्रीति के सामने स्कारलेट डेलगाडो की चुनौती होगी।

### प्रीति ने बनाया एकतरफा वर्चस्व

म्वापे पूरे मुकाबले में प्रभावी पंच लगाने के लिए जूझती रहीं, जबकि प्रीति के संयोजित पंच का उनके पास कोई जवाब नहीं था। पहले दो राउंड में जाम्बिया की मुक्केबाज को तीन बार 'एट काउंट' का सामना करना पड़ा, जो भारतीय मुक्केबाज के एकतरफा वर्चस्व का प्रमाण रहा। दूसरे राउंड में प्रीति के प्रदर्शन से प्रभावित सभी पांच निर्णायकों ने उन्हें 10-8 का स्कोर दिया। अंतिम राउंड में म्वापे मुकाबले में वापसी की कोशिश करने के बजाय प्रीति के आक्रामक हमलों से बचती नजर आईं।

### मैं किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेती

प्रीति ने जीत के बाद कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि जिस तरह की तैयारी की थी, उसे रिंग में उतारने में सफल रही। अब मेरा पूरा ध्यान स्वर्ण पदक जीतने पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।' उन्होंने कहा, 'मैं किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेती। अपने कोच के साथ हर मुकाबले की पूरी तैयारी करती हूं और खुशी है कि उस योजना को अमल में ला पा रही हूं।'

- प्रीति पवार
भारतीय मुक्केबाज



### अंकुश ने ओफोरी को 5-0 से हराया

दूसरी ओर, अंकुश ने भी 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में कनाडा के जोशुआ ओफोरी को 5-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। शुरुआती दो राउंड में भारतीय मुक्केबाज के शानदार प्रदर्शन के सामने ओफोरी बार-बार 'क्लिंचिंग' (प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को जकड़ कर मुकाबले की गति प्रभावित करने की कोशिश) का सहारा लेने को मजबूर हुए। दूसरे राउंड की शुरुआत में ओफोरी ने आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश की, लेकिन अंकुश ने संयम बनाए रखते हुए दबाव को आसानी से झेला और सटीक पंचों के संयोजन से जवाब देते हुए एकतरफा 5-0 की जीत दर्ज की।

## चक्का फेंक : सीमा की शानदार वापसी, जीता कांस्य पदक



सीमा कालीरमण को गर्भावस्था के बाद गठिया हो गया था लेकिन उन्होंने इस पर काबू पाया और पिछले साल वापसी करने के बाद यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिला चक्का फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन वह अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से मामूली अंतर से चूक गईं। उनकी साथी खिलाड़ी निधि रानी इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। सीमा ने 58.65 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### तीसरे प्रयास में हासिल की दूरी

भारतीय खिलाड़ी ने यह दूरी अपने तीसरे प्रयास में हासिल की। वह हालांकि 59.73 मीटर के अपने निजी और सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहीं। निधि ने 57.10 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथा स्थान हासिल किया। उनका निजी और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58.82 मीटर है। जमैका की समंथा हॉल ने अपने पांचवें प्रयास में 61.66 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कनाडा की जूलिया टक्स ने 60.67 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई : सीमा

सीमा ने कहा, 'मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो नहीं कर पाई, लेकिन अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी।' हरियाणा के भिवानी की रहने वाली 27 वर्षीय सीमा ने गर्भावस्था के बाद गठिया और घुटने की चोट जैसी जटिल समस्याओं से उबरने के लिए कुछ समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी की। उनका बेटा अब चार साल का है। सीमा भिवानी के चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा में पीएचडी भी कर रही हैं।

## अरुंधति ने किया उलटफेर, जैस्मीन भी जीती



अरुंधति चौधरी ने 70 किग्रा वर्ग में मौजूदा चैंपियन वेल्स की रोजी एक्लीज को हराकर बड़ा उलटफेर किया जबकि विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) ने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। अरुंधति ने एक साहसपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में रोजी एक्लीज को 4-0 के फैसले से हराया। अरुंधति ने पूरे मुकाबले में संयम बनाए रखा और प्रभावी पंच के दम पर बढ़त कायम रखी।

### सेमीफाइनल में जैस्मीन



जैस्मीन सेमीफाइनल में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की। लेसोथो की रपेलांग मासोलेला को उनकी प्रतिद्वंद्वी को दूसरे राउंड के अंतिम क्षणों में तीसरी बार स्टैंडिंग काउंट मिलने के बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जैस्मीन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपनी तेज पंच की बौछार कर के प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा।

खबर संक्षेप



### टीम इंडिया ने लगातार दूसरी बार जीता कांस्य

ओंटारियो। भारतीय पुरुष टीम विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अमेरिका से 0-2 से हार गई और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका से हारने के एक दिन बाद पांचवीं वरीयता प्राप्त पुरुष टीम भी उसी प्रतिद्वंद्वी से पार पाने में नाकाम रही। भारत के गुरवीर सिंह ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने वापसी करते हुए मैच 11-7, 9-11, 6-11, 11-7, 11-3 से जीत लिया। दूसरे मैच में भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर्यवीर दीवान अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यासीन शहावी से 0-3 (5-11, 7-11, 5-11) से हार गए। भारतीय पुरुष टीम ने इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता है।

### खेलो इंडिया को 29 हजार करोड़ का बजट

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वतंत्रता के बाद का सबसे महत्वाकांक्षी खेल विकास कार्यक्रम बताते हुए खेलो इंडिया योजना के विस्तार और राष्ट्रीय खेल महासंघों को दी जाने वाली सहायता (एनएसएफ) के बजट के लिए अगले पांच वर्षों कुल 36,441 करोड़ रुपए के खर्च की मंजूरी दी। सरकार ने खेलो इंडिया योजना के लिए अगले पांच वर्षों में 29,054 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें तैयार करना है, ताकि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के माध्यम से वैश्विक खेल केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ सके।

# फिट हुआ टीम इंडिया का धाकड़ खिलाड़ी

## श्रीलंका टेस्ट सीरीज : बुमराह ने किया फिटनेस टेस्ट पास

नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और उन्हें बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने की अनुमति दे दी है।

बुमराह को उनकी फिटनेस के आधार पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था।

### 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा पहला टेस्ट

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'जसप्रीत बुमराह चोट से उबर चुके हैं। उन्होंने फिटनेस से जुड़े सभी टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह श्रीलंका के खिलाफ दोनों मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह टीम रणनीति का अभिन्न अंग हैं।' भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए वर्तमान चक्र के शेष नौ टेस्ट मैचों में से सात मैच में जीत दर्ज करनी होगी।



### राणा, रेड्डी और वाशिंगटन बाहर

तेज गेंदबाज हर्षित राणा और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप अभी तक पीठ की दर्द से नहीं उबर पाए हैं।

# उन्नति ने 42 मिनट में दर्ज की जीत हमवतन देविका को दी करारी शिकस्त

## ताइपे ओपन : 18 वर्षीय उन्नति ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

ताइपे

बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हमवतन देविका सिहाग को 23-21, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए इस मुकाबले का पहला गेम बेहद रोमांचक रहा जहां उन्नति ने धैर्य का परिचय देते हुए 23-21 से जीत दर्ज की। उन्नति ने शानदार शुरुआत करते हुए 11-3 की बढ़त बना ली, लेकिन देविका ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 21-21 से बराबर कर दिया।



### उन्नति ने निर्णायक क्षणों में बनाए रखा संयम

उन्नति ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए लगातार दो अंक जीतकर पहला गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय उन्नति ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा कायम रखा और आठवीं वरीय देविका को 21-16 से शिकस्त देकर 42 मिनट में मुकाबला जीत लिया। सेमीफाइनल में उन्नति का सामना चीनी ताइपे की सियु चिन-यियान और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारत की तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज अपने-अपने एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग और जापान के युशी ओबायाशी से भिड़ेंगे।



महिला क्रिकेट

## श्रीलंका की शानदार बल्लेबाजी पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया

दांबुला

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 6 विकेट से हराया। श्रीलंका के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान से मिले 177 रनों के लक्ष्य को श्रीलंका ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल किया। श्रीलंका की ओर से हर्षिता समरविक्रमा ने नाबाद शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत दमदार रही। पहले विकेट के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू और हर्षिता समरविक्रमा ने मिलकर 79 रन जोड़े। अटापट्टू ने

- हर्षिता ने खेली नाबाद शतकीय पारी

बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों में 39 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि, विश्मी गुणरत्ने बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और महज 3 रन बनाकर आउट हुईं। हर्षिता समरविक्रमा सिर्फ 7 रन ही बना सकीं जबकि कविशा दिलहारी 31 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। हालांकि, हर्षिता ने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने 64 गेंदों में 100 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में हर्षिता ने 17 चौके और एक छक्का लगाया।

### जर्सी विवाद: अध्यक्ष ने कहा- मुझे तो जानकारी भी नहीं थी

# जर्सी पर बटी हॉकी इंडिया, अध्यक्ष टिर्की ने सचिव भोलानाथ से मांगी सफाई

नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीमों की जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने अब महासंघ के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है कि उनकी और कार्यकारी बोर्ड की जानकारी या सहमति के बिना यह बड़ा फैसला कैसे लिया गया, जबकि महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को इस बदलाव की जानकारी थी।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले भारतीय टीमों की जर्सी का रंग नीले से केसरिया कर दिया गया, जिसे लेकर वीरेन रासकिन्हा, परगट सिंह, वी भास्करन, धनराज पिल्लै जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं। वहीं मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया और विपक्षी दलों ने इस पर सरकार को आड़े हाथों लिया है।



### टिर्की ने मांगा लिखित में स्पष्टीकरण

टिर्की ने हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों का कहना था कि टीम के गेंदबाज पर इस्तेमाल होने वाली जर्सी पिच के रंग को समझाने से बचाने के लिए यह पूरी तरह से तकनीकी निर्णय था। लेकिन अब टिर्की ने कार्यकारी बोर्ड को भेजे ईमेल में लिखा कि जर्सी का रंग बदलने का फैसला कार्यकारी बोर्ड के समक्ष रखे या मेरी पूर्व जानकारी के बिना लिया गया। मैं हॉकी इंडिया पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण चाहता हूं कि मुझे तुरंत लिखित में बताया जाए कि इस फैसले का आधार क्या था, किस प्रक्रिया का पालन किया गया और किस तरह से इस फैसले को मंजूरी दी गई और लागू किया गया।

### खिलाड़ियों से किया गया परामर्श : महासचिव

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों से उचित परामर्श के बाद उनकी मांगों को ही लागू किया है। उन्होंने कहा, "जर्सी का रंग बदलने के फैसले के बारे में ग्रुप में जानकारी दी गई थी, इसलिए सभी अधिकारियों को इसका पता होना चाहिए। हमने कभी नहीं सोचा था कि यह इतना बड़ा मुद्दा बन जाएगा। रंग बदलने के लिए हम पर कहीं से भी कोई बाहरी दबाव नहीं था। इसे बेवजह राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।" जब उनसे पूछा गया कि क्या हॉकी इंडिया इस फैसले पर पुनर्विचार करेगा, तो सिंह ने कहा, 'मैं अकेले फैसले नहीं ले सकता। हमें इस पर चर्चा करनी होगी। आखिरकार, यह खिलाड़ियों और कोचों की मांग थी और हमने उनकी बात मानी।'

### बोर्ड के सदस्य को नहीं दी जानकारी

सूत्र ने यह भी बताया कि मामले के तूल पकड़ने के बाद ओडिशा सरकार को 30 जुलाई को जर्सी का रंग बदले जाने के संदर्भ में ईमेल भेजा गया है जबकि जर्सी 28 जुलाई को लॉन्च की गई थी। कार्यकारी बोर्ड के एक सदस्य ने संपर्क करने पर बताया कि उन्हें जर्सी का रंग बदले जाने की कोई जानकारी नहीं थी और न ही उनसे राय ली गई बल्कि लॉन्च के बाद ही उन्हें पता चला।

# नोटा-खजराहा एवं हाटी-उगोरा मार्ग के निर्माण और भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** नोटा-खजराहा एवं हाटी-उगोरा मार्ग के निर्माण और भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर सर्किट हाउस झाँसी में प्रभारी मंत्री जी को सौंपा ज्ञापन ग्रामीण विकास सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला सोशल मीडिया संयोजक अजय राय नौटा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने प्रभारी मंत्री झांसी को ज्ञापन सौंपकर नोटा से खजराहा तक नई पक्की सड़क निर्माण तथा हाटी से उगोरा मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कराकर नई सड़क निर्माण की मांग की।



ज्ञापन में बताया गया कि हाटी से उगोरा मार्ग वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिससे लगभग 40 हजार से अधिक लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। बरसात के समय यह मार्ग लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है। कई बार मरम्मत के नाम पर सरकारी धन खर्च किया गया, लेकिन सड़क कुछ ही समय बाद फिर उखड़ जाती है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और संभावित अनियमितताओं पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। इसलिए इस सड़क की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं नोटा से खजराहा मार्ग पर वर्षों से नई सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। लगभग 2.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के अभाव में किसानों, विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने दोनों मार्गों पर शीघ्र पक्की सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। अजय राय नौटा ने बताया कि विगत दिनों जिलाधिकारी महोदय को विज्ञापन दे चुके हैं ज्ञापन पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह पूरे क्षेत्र की सामूहिक मांग है। अजय राय नौटा जिला संयोजक सोशल मीडिया भाजपा झांसी ने बताया कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती है। नोटा से खजराहा और हाटी से उगोरा मार्ग की बदहाल स्थिति ने हजारों ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों का जीवन प्रभावित कर दिया है। हमारी मांग किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं बल्कि जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए है। प्रशासन से आग्रह है कि हाटी-उगोरा मार्ग पर हुए निर्माण कार्यों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा दोनों मार्गों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण पक्की सड़क निर्माण कराया जाए। जब तक क्षेत्रवासियों को न्याय और बेहतर सड़क सुविधा नहीं मिलती, तब तक हमारा प्रयास जनहित में निरंतर जारी रहेगा। हमें विश्वास है कि जिला प्रशासन जनता की इस जायज मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र को राहत प्रदान करेगा। ज्ञापन देने पहुंचे क्षेत्रवासी अजय राय नौटा अध्यक्ष ग्रामीण विकास सेवा समिति ( संस्था ) छत्रपाल राजपूत जिला महामंत्री , गुड्डी रानी पटेल जिला उपाध्यक्ष, दीपक त्रिपाठी , मुकेश प्रजापति, नारायण दास, हरि शंकर पटेल , संजय राय, रविकांत आर्य आदि उपस्थित रहे।

# भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक संगोष्ठी और शिक्षक दक्षता वर्ग आयोजित



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** विद्या भारती कानपुर प्रांत द्वारा संचालित भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर में शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य छत्रसाल स्वर्णकार एवं वरिष्ठ आचार्य सुरेश गोस्वामी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम को दो सत्रों में संपन्न किया गया, जिसके प्रथम सत्र में 'अभिभावक संगोष्ठी' और द्वितीय सत्र में शिक्षकों के लिए 'दक्षता वर्ग' का आयोजन हुआ।

?दक्षता वर्ग के दौरान विद्यालय की गणित शिक्षिका स्मृति अग्निहोत्री ने गणित विषय को सरल, रोचक और व्यावहारिक बनाने की बारीकियों एवं नवाचार के विभिन्न प्रयोगों से सभी को परिचित कराया। वहीं, विद्यालय के शिक्षक कौशल विकास प्रमुख मयूर गर्ग ने विद्यार्थियों के संवर्धन एवं कौशल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इसके साथ ही, कुरुक्षेत्र से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करके आए शिक्षक दृगचंद्र द्विवेदी ने अपने अनुभवों को सभी के साथ साझा करते हुए नवीन शिक्षण पद्धतियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य छत्रसाल स्वर्णकार ने दक्षता वर्ग के आयोजन के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के दक्षता वर्गों का आयोजन शिक्षकों की कार्यकुशलता को निखारने और शिक्षण में नवीन तकनीकों का समावेश करने के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। कार्यक्रम के सफल संयोजन और प्रबंधन में वरिष्ठ आचार्य सुरेश गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही। इस दौरान विद्यालय के समस्त आचार्य-आचार्या एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# महासभा की पाती

खुला पत्र

- 'मेरी जनता के नाम'

विषय: दंड नहीं, संवाद। नफरत नहीं, राष्ट्र निर्माण।

प्रिय देशवासियों,

हरि प्रेम स्मरण

मैं राघवेंद्र सिंह राजू, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का एक सामान्य कार्यकर्ता ने

आज कलम इसलिए उठाई है क्योंकि मेरा दिल बहुत व्याकुल है सभी वर्गों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए बड़ी बड़ी रैलियों राष्ट्र हित में भारत में तीन पद यात्राओं का संचालन किया

सबका साथ सबका सम्मान भी मिला....

आज कुर्सी पाने की भूख में कुछ लोग हमारे बच्चों के मन में जाति का जहर घोल रहे हैं।

चोला बदल-बदल कर सत्ता के लिए समाज को बांटा जा रहा है। ये मेरे देश के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

मेरे भाइयों और बहनों,

संविधान से बड़ा कोई नहीं है।

लेकिन क्या संविधान हमें

ये नहीं सिखाता कि हम महापुरुषों का सम्मान करें? राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायमूर्ति, सैनिक और शिक्षक की मर्यादा



रखें?

देवी-देवताओं और राष्ट्रभक्तों पर अभद्र टिप्पणी रोकें?

यूजीसी कानून बिना चर्चा के लाद दिया गया।

संसद में रोज जो दृश्य दिख रहे हैं वो दुखद हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट ने स्टे न दिया होता तो हमारे बच्चों में भेदभाव, बिखराव और टकराव की खाई और गहरी हो जाती।

लेकिन मैं निराश नहीं हूं।

क्योंकि मुझे आप पर भरोसा है। मुझे भारत के किसान, नौजवान और माताओं की शक्ति पर भरोसा है।

इसलिए आज मैं आपसे 3 बातें मांगता हूं:

1. दंड नहीं, संवाद: जो युवा भटक गए हैं उन्हें गाली नहीं, गले लगाइए। उन्हें सही राह दिखाइए।

2. नफरत नहीं, मार्गदर्शन: जाति के नाम पर लड़ाने वालों का बहिष्कार कीजिए।

3. कटुता छोड़ो, राष्ट्र थामो: 100 साल पहले 'अगला-पिछड़ा' शब्द नहीं था। वो एक भारत फिर बनाना है।

आइए मिलकर 'सभ्य भारत' गढ़ें।

तभी हमारा भारत फिर से 'विश्व गुरु' बनेगा।

आपका एक वोट, एक SHARE, एक संवाद देश की दिशा बदल सकता है।

जय हिंद। जय संविधान। जय भारत।

**आपका,**
**राघवेंद्र सिंह राजू**
**वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री**
**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा**
**9956402096**
**राज एपार्टमेंट**
**7-जोपलिंग रोड**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश**
**दिनांक: 1 अगस्त KhulaPatra**
**#DeshKeNaam**
**#SamvidhanSarvopari**

# युवा नशामुक्त होंगे तभी विकसित भारत-2047 का सपना होगा साकार - कुलपति

## -युवाओं की शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी पूंजी - जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह

## -युवा अपनी ऊर्जा, नवाचार और नेतृत्व क्षमता राष्ट्र निर्माण में लगाएं - यूथ आइकॉन ओम तिवारी

## -'से यस टू लाइफ, नो टू ड्रग्स' का संकल्प ही नशामुक्त भारत की आधारशिला - नशामुक्त वॉरियर अनिल हरिदासन



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ द्वारा 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' के अंतर्गत 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी झांसी विशाल सिंह, यूथ आइकॉन ओम तिवारी तथा नशामुक्त वॉरियर अनिल हरिदासन ने सहभागिता करते हुए युवाओं को नशामुक्त भारत एवं विकसित भारत-2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम् के साथ हुआ।

एनएसएस समन्वयक डॉ. राम प्रकाश यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा युवाओं से समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अनुशासित, स्वस्थ एवं चरित्रवान युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। यदि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है तो युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगानी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह ने माय भारत पोर्टल की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यूथ आइकॉन ओम तिवारी ने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा, नवाचार, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का उपयोग राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के कार्यों में करने का आह्वान करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और सशक्त संकल्प ही विकसित भारत की पहचान बनेंगे। नशामुक्त वॉरियर अनिल हरिदासन ने 'से यस टू लाइफ, नो टू ड्रग्स' का संदेश देते हुए नशामुक्त भारत अभियान की जानकारी साझा की तथा युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं जिम्मेदार जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत-2047, पंच प्रण तथा युवा सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सक्रिय योगदान देने की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन डॉ. शिववेंद्र सिंह, डॉ. बिजिलक्ष्मी एवं डॉ. विनोद कुमार ने किया, जबकि डॉ. अनीता पुयम ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मैं भी स्वदेशी: समर्थक' जन जागरण अभियान का झांसी से शुभारम्भ

## स्वदेशी अपनाने का आह्वान, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से जन-जागरण अभियान शुरू

**झांसी।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलम्बी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में कानपुर प्रान्त स्तर पर 'मैं भी स्वदेशी: समर्थक' जन जागरण अभियान का शुभारम्भ शुक्रवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के वृंदावनलाल वर्मा सभागार में हुआ। 1 अगस्त से 20 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से पूरे कानपुर प्रान्त में स्वदेशी के प्रति जन-जागरण, स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा तथा स्वावलम्बी भारत के निर्माण के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर प्रान्त के विभाग प्रचारक श्री मनोज ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वदेशी भारत की सांस्कृतिक चेतना, आर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का आधार है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का संकल्प ले, तो स्थानीय उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा भारत आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए समाज के सभी वर्गों से इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच की केंद्रीय प्रचार टोली के सदस्य डॉ. विजय सिंह ने कहा कि विकसित भारत का मार्ग स्वदेशी चिंतन से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल भारतीय वस्तुओं का उपयोग करना नहीं, बल्कि देश की प्रतिभा, तकनीक, उद्यमिता और संसाधनों पर विश्वास करना भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक जब स्वदेशी उत्पादों को अपनाता है, तब वह सीधे-सीधे देश की अर्थव्यवस्था, किसानों, कारीगरों और लघु उद्योगों को मजबूत करता है। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए प्रांत संयोजक श्री सुदीप खरे ने अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1 से 20 अगस्त तक चलने वाले अभियान के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों, बाजारों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत नागरिकों को स्वदेशी अपनाने एवं 'मैं भी स्वदेशी: समर्थक' बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रांत समन्वयक डॉ. प्रवीण अग्निहोत्री ने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव कर देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो. मुन्ना तिवारी ने किया। उन्होंने बताया कि शोधपीठ द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा, एकात्म मानव दर्शन, स्वदेशी चिंतन और आत्मनिर्भर भारत के विचार को समाज एवं युवाओं तक पहुंचाने के लिए निरंतर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शोधपीठ समय-समय पर संगोष्ठियों, व्याख्यानमालाओं, छात्र संवाद, शोध परिचर्चाओं एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वदेशी विचार को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में केशव वाजपेई, प्रांत सह संयोजक, लाल सिंह, प्रांत प्रचार प्रमुख, राकेश कुशवाहा, जिला संयोजक, कोमल तिवारी, जिला समन्वयक, डॉ राघवेंद्र द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में शिक्षाविदों, प्रबुद्ध नागरिकों, विद्यार्थियों, उद्यमियों एवं स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

# प्रगति रथ संस्था ने वृक्षारोपण कर मनाया प्रेरणा पर्व

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** प्रगति रथ संस्था प्रत्येक वर्ष 1 अगस्त को प्रेरणा पर्व के रूप में मनाती है जो कि प्रगति रथ संस्था के प्रेरणा स्त्रोत स्वर्गीय ठाकुर श्री शिव शंकर सिंह चौहान जी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। ठाकुर साहब ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया और अपने बच्चों को भी समाज हित में कार्य करने की शिक्षा दी। इसीलिए वर्ष 2004 में उनके स्वर्गवास के बाद उनके बेटे श्री विजय सिंह चौहान ने उनकी याद में उनके समाज हित के कार्यों को करते रहने के लिए प्रगति रथ संस्था का गठन किया।



प्रगति रथ सारथियों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ ठाकुर साहब का जन्मोत्सव मनाया। उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभी ने ठाकुर साहब को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्श को पूरा करने के लिए उनके दिखाए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। ठाकुर साहब की याद में प्रकृति को हरा- भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के संकल्प के साथ वृक्षारोपण करते हुए नगरा मुक्तिधाम के पीछे स्थित शिव शंकर नगर में विभिन्न स्थानों पर आम, नीम, जामुन, कटहल, अमरूद आदि के वृक्ष लगाए और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में प्रगति रथ संस्था से संस्थापक श्री विजय सिंह चौहान, सचिव डॉ. संध्या चौहान, हेमलता भदोरिया, संगीता सिंह, कुसुम लता चौहान, ओजस्वी चौहान, नैवेधी चौहान, संतोष शर्मा, कालीचरण वर्मा, टोनी मर्फी, लॉरेंस सेनन, अर्चना सेनन, मिशेल मर्फी, पवन कुमारी, रजनी देवी, सारिका जैन, नारायण सिंह, शैलेन्द्र सैनी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अक्षय जन सेवा समिति ने बच्चों को वितरित की स्टडी किट

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** समाज सेवा को समर्पित अक्षय जन सेवा समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद बच्चों को स्टडी किट वितरित की। समिति की अध्यक्ष सविता पचौरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। स्टडी किट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समिति के सदस्यों ने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। समिति की अध्यक्ष सविता पचौरी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। अक्षय जन सेवा समिति लगातार आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रही है। उनका प्रयास है कि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। इस दौरान समिति के पदाधिकारी संजीव शर्मा, उर्मिला पटैरिया, रिंकी कुशवाहा,हेमंत कुशवाहा,संजीव कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718